उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या-16/2021/4337/71-1-2020-जी-103/2018
लखनऊ : दिनांक 20 जनवरी, 2021

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

शासन के विज्ञाप्ति/नियुक्ति आदेश संख्या-132/2020/3949/71-1-2020-जी-103/2018, दिनांक 22-10-2020 द्वारा उत्तर प्रदेश राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों में सीधी भर्ती के रूप में सहायक आचार्य, पी0एम0आर0 विशिष्टता में सहायक आचार्य के रिक्त पदों पर नियुक्ति/तैनाती विषयक आदेश निर्गत किये गये थे। तत्क्रम मे पत्र दिनांक 23-11-2020 द्वारा कार्यभार ग्रहण करने हेतु 03 सप्ताह का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया था।

2- डा0 संजय सिंह के पत्र दिनांक 05-12-2020 द्वारा किये गये अनुरोध पर सम्यक विचारोपरान्त सहायक आचार्य, पी0एम0आर0 के पद पर राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन में कार्यभार ग्रहण करने हेतु दिनांक 31-01-2021 तक का अतिरिक्त समय एतदद्वारा प्रदान किया जाता है। आप द्वारा उक्त तिथि तक कार्यभार ग्रहण नही किया जाता है, तो अभ्यर्थन निरस्त करने सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी।

(एस0पी0 सिंह)
अनु सचिव।

<u>संख्या:-16/2020/4337(1)/71-1-2021- तददिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया नियुक्ति आदेश की प्रति वेबसाइट पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करे।
4- प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज, जालौन ।
5- कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, जालौन।
6- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज,जालौन ।
7- संबंधित चिकित्सा शिक्षक।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(एस0पी0 सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।